Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

**पत्रांक** ५५६९ / ५५८कानि / १७५ **दिनांक** 29.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषय:–** **दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "दो माह से खुले पड़े जल जीवन मिशन के गड्ढे: लक्ष्मणपुर के ग्रामीणों में हादसे का डर, एसडीएम ने भरवाने का दिया आश्वासन" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "दैनिक भास्कर" में दिनांक– 27.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "दो माह से खुले पड़े जल जीवन मिशन के गड्ढे: लक्ष्मणपुर के ग्रामीणों में हादसे का डर, एसडीएम ने भरवाने का दिया आश्वासन" सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

## समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं दिनांक– 27.06.2026 | दो माह से खुले पड़े जल जीवन मिशन के गड्ढे: लक्ष्मणपुर के ग्रामीणों में हादसे का डर, एसडीएम ने भरवाने का दिया आश्वासन | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड नौगढ़ में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नौगढ़ ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ईस्ट इण्डिया उद्योग लिमिटेड–कावेरी जे0वी0 द्वारा कराया जा रहा है। समाचार पत्र में सन्दर्भित ग्राम लक्ष्मणपुर उक्त योजना के जोन–06 में सम्मिलित है। जिसमें पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है। उक्त प्रकाशित खबर में दर्शाये गये गृह जल संयोजन के गड्ढे व अन्य खुदी हुई ट्रेन्चो की बैक फिलिंग कर मोटरेबल करा दिया गया है। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

# दो माह से खुले पड़े जल जीवन मिशन के गड्ढे: लक्ष्मणपुर के ग्रामीणों में हादसे का डर, एसडीएम ने भरवाने का दिया आश्वासन

सत्यदेवराम | बरवाडीह(नौगढ),
चंदौली

2 दिन पहले






नौगढ़ तहसील के लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे दो महीने से अधिक समय से खुले पड़े हैं। इससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के आवागमन में दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि जिन रास्तों पर गड्ढे खोदे गए हैं, वहीं से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और छोटे बच्चे गुजरते हैं। बरसात शुरू होने के कारण गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे इनके दिखाई न देने और बच्चों के गिरकर घायल होने की आशंका बढ़ गई है।

गुलाब, शिवनाथ, छांगुर, घनश्याम, राधेश्याम और बिन्दु समेत कई ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के कर्मचारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि खुले गड्ढों के कारण हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है और संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

ग्रामीणों ने मामले की जानकारी उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विनय कुमार मिश्रा को दी। एसडीएम ने बताया कि जल जीवन मिशन के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना देकर खुले गड्ढों को जल्द भरवाने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

Scanned with OKEN Scanner